## INTERMEDIATE EXAMINATION – 2022 (ANNUAL) | 106/206 |

## HINDI (Compulsory)

समय : 03 घंटा 15 मिनट — हिन्दी (अनिवार्य) — पूर्णांक :– 100

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** — **Full Marks : 100**

**I.Sc. & I.Com.**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 100+6 = 106**

**Total no. of Questions : 100+6 = 106**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब**।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 प्रश्नों का ही मूल्यांकन किया जायगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।



BiharboardQuestionpaper.com

7. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

1. ''नारी और नर एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएँ हैं।'' – किस पठित पाठ की उक्ति है ?

(A) ओ सदानीरा (B) सिपाही की माँ

(C) शिक्षा (D) अर्धनारीश्वर

2. जे0 कृष्णमूर्ति की रचना कैसी है ?

(A) अर्थशास्त्र (B) तर्कशास्त्र

(C) शिक्षा शास्त्र (D) चिकित्सा शास्त्र

3. 'जूठन' क्या है ?

(A) आत्मकथा (B) आलोचना

(C) एकांकी (D) कहानी

4. 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) बहुत दिनों पर दिखना (B) नहीं आना

(C) गायब हो जाना (D) परेशान होना



BiharboardQuestionpaper.com

5. ‘अंधे की लकड़ी’ मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) एकमात्र सहारा
(B) कमजोर होना
(C) असहाय होना
(D) लकड़ी के सहारे चलना

6. ‘अधजल गगरी छलकत जाए’ लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा ?

(A) आवश्कता से अधिक प्रदर्शन करना
(B) गगरी भरी होना
(C) प्रदर्शन न करना
(D) गगरी खाली होना

7. ‘नाच न जाने आँगन टेढ़ा’ लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?

(A) बहाना करना
(B) नर्तकी
(C) बयानबाजी करना
(D) नृत्य करना

8. ‘तीन तेरह होना’ मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(A) तितर–बितर होना
(B) संकट आ जाना
(C) परेशान होना
(D) दस तीन तेरह

9. ‘हीरा’ शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) द्रव्यवाचक
(B) जातिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) भाववाचक

10. ‘बुढ़ापा’ शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) जातिवाचक
(D) द्रव्यवाचक

11. ‘काशी’ शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) भाववाचक
(C) द्रव्यवाचक
(D) व्यक्तिवाचक



BiharboardQuestionpaper.com

12. 'सभा' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) समूहवाचक (D) द्रव्यवाचक

13. 'मनुष्य' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) समूहवाचक

(C) जातिवाचक (D) भाववाचक

14. 'सजावट' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक (B) समूहवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) जातिवाचक

15. 'शब्द' का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) निनाद (B) नाद

(C) ध्वनि (D) इनमें से सभी

16. 'गंगा' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) मंदाकिनी (B) महाकाय

(C) अनंत (D) सागर

17. 'सुन्दर' का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) ललित (B) तरु

(C) कुरूप (D) कुन्दन

18. 'राजा' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) नृप (B) भूप

(C) नृपति (D) उपर्युक्त सभी



BiharboardQuestionpaper.com

19. 'पय' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) पानी (B) दूध

(C) तालाब (D) जल

20. 'सूर्य' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

(A) प्रकाश (B) किरण

(C) भास्कर (D) अनल

21. 'संवत्' शब्द का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) सं + वत (B) सम् + वत

(C) स् + मवत (D) सन् + वत

22. 'सदाचार' शब्द का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) सद् + आचार (B) सदा + चार

(C) सत् + आचार (D) सदा + आचार

23. 'नायक' शब्द का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) नै + अक (B) ने + अक

(C) निः + अक (D) ना + यक

24. 'उद्गम' शब्द का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) उत् + आगम (B) उत् + गम

(C) उत + आगम् (D) उद् + गम

25. 'परीक्षा' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) परि + इक्षा (B) परी + ईक्षा

(C) परी + इक्छा (D) परि + ईक्षा



BiharboardQuestionpaper.com

26. 'हताहत' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) हता + हत

(B) हत + आहत

(C) हत + हत

(D) हताह + त

27. 'सभा' शब्द क्या है ?

(A) पुंल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

28. 'आत्मा' शब्द क्या है ?

(A) स्त्रीलिंग

(B) उभयलिंग

(C) पुंल्लिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

29. 'जी' शब्द क्या है ?

(A) पुंल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

30. 'आयु' शब्द क्या है ?

(A) पुंल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

31. 'परीक्षा' शब्द क्या है ?

(A) पुंल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

32. 'महिमा' शब्द क्या है ?

(A) पुंल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

33. 'उपवन' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) उप
(B) ऊप
(C) अप
(D) उ

34. 'प्रतिनिधि' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) प्रति
(B) प्रत
(C) धि
(D) प्रतिनी

35. 'सुकर्म' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) सू
(B) सु
(C) सुक
(D) सुकर

36. 'आनंदित' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) दित
(B) इत
(C) दित्
(D) इत्

37. 'टिकाऊ' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) अऊ
(B) आऊ
(C) ऊ
(D) उ

38. 'पढ़ाई' शब्द में प्रत्यय क्या है ?

(A) आई
(B) ढ़ाई
(C) ढ़ाइ
(D) अई

39. 'आकाश' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) गगन
(B) नक्षत्र
(C) अंबर
(D) पाताल



BiharboardQuestionpaper.com

40. 'पुरस्कार' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) दण्ड (B) सम्मान

(C) पारिश्रमिक (D) अपमान

41. 'कृपा' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) करूणा (B) दया

(C) आशीर्वाद (D) कोप

42. 'अर्वाचीन' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) प्राचीन (B) आधुनिक

(C) नवीन (D) अधुनातन

43. 'कृतज्ञ' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) कृतार्थ (B) निन्दक

(C) कृतघ्न (D) प्रत्युपकार

44. 'स्थावर' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) देर तक (B) जंगम

(C) स्थायी (D) टिकाऊ

45. 'धनहीन' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरूष

(C) द्वन्द्व (D) बहुव्रीहि

46. 'त्रिदेव' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) द्विगु

(C) कर्मधारय (D) द्वन्द्व



BiharboardQuestionpaper.com

47. 'भाई–बहन' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरूष

48. 'स्वर्ग प्राप्त' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) अव्ययीभाव

49. 'पिताम्बर' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरूष (B) बहुव्रीहि

(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

50. 'आजीवन' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरूष

51. 'अपमान' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) अपमानी (B) अपमानित

(C) अपमानकारी (D) अपमानहीन

52. 'रोमांच' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) रोमांचित (B) रोमांचकारी

(C) रोमांचशील (D) रोमांचणीय

53. 'भूगोल' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) भूगोलकारी (B) भौगोलिक

(C) भूगोलवादी (D) भूगोलिक



BiharboardQuestionpaper.com

54. 'शिव' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) शैव (B) शनु

(C) शिवि (D) शिवानी

55. 'सप्ताह' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) सप्ताहांत (B) सप्तेह

(C) साप्ताहिक (D) साप्ताहीक

56. 'संपादक' शब्द का विशेषण क्या होगा ?

(A) संपादकीय (B) संपादन

(C) संपादकी (D) संपादकीन

57. 'सर्वनाम' के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन (B) पाँच

(C) छः (D) आठ

58. 'वर्तमान काल' के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच (B) आठ

(C) तीन (D) दस

59. 'प' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) तालु (B) ओष्ठ

(C) दंत (D) कंठ

60. 'ण' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) मूर्द्धा (B) तालू

(C) कंठ (D) दंत



BiharboardQuestionpaper.com

61. 'आर्ट ऑफ कनवरसेशन' कहाँ के लोगों में सर्वाधिक प्रचलित है ?

(A) भारत (B) यूरोप

(C) अफ्रीका (D) कनाडा

62. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) ज्ञानेन्द्रपति (B) रघुवीर सहाय

(C) अशोक वाजपेयी (D) जयशंकर प्रसाद

63. 'सौ अजान एक सुजान' शीर्षक उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(A) रघुवीर सहाय (B) मोहन राकेश

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) जयप्रकाश नारायण

64. ''बोलने से मनुष्य के रूप का साक्षात्कार होता है''—यह किसने कहा है ?

(A) बेन जॉनसन (B) मार्क जॉनसन

(C) नील जॉनसन (D) लिन जॉनसन

65. 'बिशनी' कौन है ?

(A) मानक की बहन (B) मानक की भाभी

(C) मानक की चाची (D) मानक की माँ

66. 'लेखक' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) लेखनीय (B) लेखिका

(C) रचयिता (D) लेखीका



BiharboardQuestionpaper.com

67. 'अभिनेता' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) नायिका
(B) अभिनेत्री
(C) सहनायिका
(D) अभिनेताइन

68. 'पृथ्वी को धारण करने वाला'—के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) आकाशपिण्ड
(B) भूकम्प
(C) पार्थिक
(D) महीधर

69. 'मृग जैसे नेत्रों वाली' के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) मृगनयन
(B) मृगनयनी
(C) नयनाभिराम
(D) कमलनयन

70. 'अज्ञेय' का पूरा नाम क्या है ?

(A) सच्चिदानंद हीरानंद
(B) सच्चिदानंद हीरानंद वातास्यान
(C) सच्चिदानंद हीरानंद वाताशयन
(D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय

71. 'मुक्तिबोध' का पूरा नाम क्या है ?

(A) दयानन्द माधव
(B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(C) गजानन्द माधब
(D) देवानंद माधव

72. 'जिसका जन्म बाद में हुआ हो'—वह क्या कहलाता है ?

(A) अग्रज
(B) कनिष्ठ

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(C) अनुज (D) ज्येष्ठ

73. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) प्रशन (B) स्वर्ग

(C) पुसतक (D) अनधेरा

74. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) बालमीकि (B) वाल्मीकी

(C) वाल्मीकि (D) बाल्मीकी

75. 'जिससे किसी बात के न होने का बोध हो' – उसे क्या कहते हैं ?

(A) निषेधवाचक (B) विधिवाचक

(C) आज्ञावाचक (D) संदेहवाचक

76. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) प्रधानाचार्य (B) प्रधानाचर्य

(C) प्रधानचार्य (D) परधानाचार्य

77. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) प्रियदरशी (B) प्रियदर्सी

(C) प्रियेदर्शी (D) प्रियदर्शी

78. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) विकल्प (B) विकलप

(C) वीकल्प (D) बिकल्प



BiharboardQuestionpaper.com

79. 'किसी काम में दखल देना'—क्या कहलाता है ?

(A) हस्तक्षेप (B) कर्मशील

(C) कर्महीन (D) दखलकार्य

80. 'जानने की इच्छा रखने वाला'—क्या कहलाता है ?

(A) जिज्ञासा (B) जिज्ञासु

(C) जिजीविषा (D) जानकार

81. 'वन में चरने वाला' क्या कहलाता है ?

(A) जीव (B) जानवर

(C) वनचर (D) बनचर

82. 'गुण—दोष विवेचक' क्या कहलाता है ?

(A) विवेचक (B) आलोचक

(C) निन्दक (D) गुण—दोष रहित

83. 'अज्ञेय' का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1911 ई0 (B) 2011 ई0

(C) 1811 ई0 (D) 1850 ई0

84. नामवर सिंह का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1927 ई0 (B) 1827 ई0

(C) 1727 ई0 (D) 1627 ई0



BiharboardQuestionpaper.com

85. निम्न में से 'प्रेम के पीर' के कवि कौन हैं ?

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) जायसी (D) कबीरदास

86. निम्न में से कौन राष्ट्रकवि' हैं ?

(A) नागार्जुन (B) विद्यापति

(C) दिनकर (D) बिहारीलाल

87. आचार्य रामचंद्र शुक्ल की नजर में बालकृष्ण भट्‌ट क्या थे ?

(A) साहित्य के एडीसन (B) लोकनायक

(C) विश्वशिक्षक (D) भाषा के डिक्टेटर

88. निम्न में से 'लोक नायक' शब्द किनके लिए प्रयोग किया जाता है ?

(A) प्रेमचंद (B) जयप्रकाश नारायण

(C) नागार्जुन (D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

89. निम्न में से 'ब्रजराज कुँवर' कौन हैं ?

(A) राम (B) बलराम

(C) कृष्ण (D) नन्द

90. 'सूरसागर' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) कबीरदास (D) जायसी



BiharboardQuestionpaper.com

91. 'कड़बक' में कौन बात पायी जाती है ?

(A) प्रेम की महिमा
(B) ईश्वर की महिमा
(C) मानव की महिमा
(D) दानव की महिमा

92. नामवर सिंह के गुरू कौन थे ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) रामविलास शर्मा
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

93. 'कामायनी' के रचयिता कौन हैं ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) नागार्जुन
(C) निराला
(D) महादेवी वर्मा

94. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' हिन्दी साहित्य की कौन विधा है ?

(A) डायरी
(B) यात्रा–वृत्तान्त
(C) आत्मकथा
(D) शब्द–चित्र

95. निम्न में से गद्य कविता कौन है ?

(A) अधिनायक
(B) हार–जीत
(C) गाँव का घर
(D) प्यारे नन्हें बेटे को

96. 'भूषण' किस रस के महान कवि हैं ?

(A) श्रृंगार रस
(B) हास्य रस
(C) वीर रस
(D) वीभत्स रस



BiharboardQuestionpaper.com

97. 'ओ सदानीरा' निबंध किस नदी को आधार बनाकर लिखा गया है ?

(A) गंगा नदी (B) यमुना नदी

(C) कोसी नदी (D) गंडक नदी

98. 'जायसी' किस काल–खंड के कवि हैं ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

99. संत तुलसीदास कैसे कवि हैं ?

(A) समन्वयवादी (B) रहस्यवादी

(C) पृथक्तावादी (D) छायावादी

100. किस कहानी का शीर्षक 'गैंग्रीन' था ?

(A) उसने कहा था (B) रोज

(C) रस्सी का टुकड़ा (D) तिरिछ

**खण्ड – ब**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिये : 1X8=8

(i) हमारे प्रिय लेखक : प्रेमचंद

(ii) स्वच्छ भारत अभियान

(iii) प्राकृतिक आपदा



BiharboardQuestionpaper.com

(iv) नारी सशक्तिकरण

(v) मोबाइल और विद्यार्थी

(Vi) आतंकवाद

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

(क) ''वसुन्धरा भोगी मानव और धर्मांध मानव

एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।''

(ख) ''पुरूष जब नारी के गुण लेता है तब वह देवता बन जाता है; किंतु नारी जब नर के गुण सीखती है तब वह राक्षसी हो जाती है।''

(ग) ''चाँद जइस जग बिधि औतारा
दीन्ह कलंक कीन्ह उजिआरा।''

(घ) ''तड़प रहे हैं विकल प्राण ये
मुझको पल भर शांति नहीं है
वह खोया धन पा न सकूँगी
इसमें कुछ भी भ्रांति नहीं है।''

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें जिसमें आर्थिक सहायता के लिए अनुरोध हो। 1X5=5

अथवा

अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें जिसमें 'कोरोना–काल' की किसी दुःखद घटना की चर्चा हो।

4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 5X2=10

(i) चम्पारण क्षेत्र में बाढ़ की प्रचंडता बढ़ने के क्या कारण हैं ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) भगत सिंह कौन थे ?

(iii) फिरंगी मेम के बाग में क्या–क्या था ?

(iv) लेखक के अनुसार सुरक्षा कहाँ है ? वह डायरी को किस रूप में देखना चाहता है ?

(v) बँधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है ?

(vi) तुलसीदास रचित प्रथम पद (कबहुँक अंब) का भावार्थ लिखिए।

(vii) कवि ने अपनी एक आँख की तुलना दर्पण से क्यों की है ?

(viii) 'जय–जय कराना' का क्या अर्थ है ?

(ix) कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का कवि परिचय दें।

(x) बिटिया कहाँ–कहाँ लोहा पहचान पाती है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) 'रोज' शीर्षक कहानी का सारांश लिखिए।

(ii) गाँधी जी के शिक्षा संबंधी आदर्श क्या थे ?

(iii) दलहीन लोकतंत्र और साम्यवाद में कैसा संबंध है ?

(iv) 'कड़बक' शीर्षक कविता के प्रथम पद का भावार्थ लिखें।

(v) 'गाँव का घर' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें।

(vi) नदियों की वेदना का क्या कारण है ?

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) प्रत्येक मनुष्य के जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। यदि तुम्हारा कोई उद्देश्य नहीं है तो तुम सफल न होगे। क्या करोगे इसको तुम्हें जानना आवश्यक है। उद्देश्यहीन मनुष्य बिना पतवार की नाव की तरह है। विभिन्न मनुष्यों के विभिन्न उद्देश्य होते हैं। बहुत लोग धन कमाना चाहते हैं। कुछ लोग आनन्द उठाना



BiharboardQuestionpaper.com

चाहते हैं। कुछ लोग विद्या के लिए परेशान हैं। तुम्हारा उद्देश्य देश की सेवा करना होना चाहिए। तुम्हारा देश विकासशील है।

(ii) ईश्वर उनकी सहायता करते हैं, जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं। मनुष्य के अंदर स्वयं सहायता करने का जो उत्साह होता है, वही उसकी सफलता का आधार होता है। जब यह उत्साह बहुत से लोगों में पाया जाता है, तब यह राष्ट्रीय प्रगति एवं राष्ट्रीय दृढ़ता का आधार बन जाता है। इसके साथ–साथ आत्म–सम्मान की भावना जो मनुष्य की श्रेष्ठ क्षमताओं में से एक है। इसके कारण मनुष्य के चरित्र की वास्तविक उन्नति होती है और यश की प्राप्ति होती है।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..